BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR UNIVERSITY
LUCKNOW
प्रज्ञा शील करुणा
ESTABLISHED 1996

राष्ट्रीय कैडेट कोर
National Cadet Corps

NCC
एकता और अनुशासन

The Number of extension and outreach programmes conducted in collaboration with industry, community and Non- Government Organisation thought NCC/ Red cross / Youth Red Cross (YRC) etc. during the year **(July 2022 –May 2023)**

Title of the Activities	Organising unit/ agency/ collaboration agency	Number of teacher **coordinated** in such activities	Year of the activity	Number of students participated in such activities
1. Plantation tree festival	NCC	02	2022-2023	10
2. Celebrate Karjil Vijay Diwas	NCC	02	2022-2023	20
3. @50+ Mahila trans million parvatarohan Abhiyan	NCC	02	2022-2023	30
4. Haushlon ki udaan" Programme	NCC	03	2022-2023	40
5. Har Ghar Tiranga Abhiyan	NCC	04	2022-2023	40
6. Vibhajan VibhishikaSmriti Diwas	NCC	03	2022-2023	30
7. Mahatma Gandhi, Lal Bahadur Shastri Jayanti	NCC	02	2022-2023	20
8. Swach Bharat Abhiyan 2.0 & Run 3.0	NCC	04	2022-2023	25
9. Sardar Ballabh Bhai Patel Jayanti	NCC	02	2022-2023	30
10. Puneet Sagar Abhiyan	NCC	02	2022-2023	25
11.Veer Baal Diwas	NCC	02	2022-2023	15
12. National Seminar on In elusiveness of Different Abled Women	NCC	02	2022-2023	15
13.NCC Unit Welcomes the Unity Run Flame at Lucknow	NCC	02	2022-2023	10
14.Subhas Chandra Bose Jayanti	NCC	02	2022-2023	30
15. Some Glimpses of 74th Republic Day	NCC	02	2022-2023	80
16. One-day Inter Institutional Idea Challenge/Competition	NCC	02	2022-2023	20
17.Swachhata Abhiyan	NCC	02	2022-2023	20
18. Jal Shakti Abhiyan and Jal Sanrakshan Samvad	NCC	02	2022-2023	70
19. Kranti Mahotsav	NCC	02	2022-2023	30

Events conducted for the Academic year 2022 -23

बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय

विद्या विहार, रायबरेली रोड, लखनऊ -२२६०२५

BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR UNIVERITY

(A Central University)

Vidya Vihar, Rae Bareli Road, Lucknow-226025, India

रिपोर्ट

35 करोड वृक्षारोपण / वन महोत्सव के कार्यक्रम

दिनांक 05/07/2022

बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविधालय, लखनऊ के एन. सी. सी. कैडेट्स ने 35 करोड वृक्षारोपण / वन महोत्सव के कार्यक्रम में मा. श्री राज्यपाल महोदया, उत्तर प्रदेश, श्री सूर्य प्रताप शाही, मा. मंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवम कृषि अनुसंधान विभाग, उत्तर प्रदेश, श्री कृष्ण पाल मालिक, मा. राज्य मंत्री वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवम जल वायु परिवर्तन विभाग जी के साथ अपनी सहभागित प्रदान किया |

#NationalCadetCorps#BetiBharatKi#MissionShakti#UttarPradesh#EkBharatShreshthaBharat#AzadiKaAmritMahotsav#FitIndiaMovement#NewIndiaFitIndia@dgnccindia@EduMinOfIndia@dpradhanbjp@SanjayDhotreMP@OfficeOfSDhotre@HQ_DG_NCC@NCCDteUP@EduMinOfIndia@dpradhanbjp@OfficeOfSDhotre@SanjayDhotreMP@ugc_india@narendramodi @PMOIndia @official.anuragthakur

कार्यक्रम की कुछ झलकिया









बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय
विद्या विहार, रायबरेली रोड, लखनऊ -२२६०२५
BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR UNIVERITY
(A Central University)
Vidya Vihar, Rae Bareli Road, Lucknow-226025, India

रिपोर्ट

कारगिल विजय दिवस दिनाक:26/07/2022

आज बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविधालय, लखनऊ में 67 यू पी बटालियन और 20 यू पी गर्ल्स बटालियन एन सी सी लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कारगिल विजय दिवस के शुभ अवसर पर बी बी ए यू कुलपति प्रो. संजय सिंह ने बताया की कारगिल विजय दिवस स्वतंत्र भारत के सभी देशवासियों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है। भारत में प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को यह दिवस मनाया जाता है। इस दिन भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध हुआ था जो लगभग 60 दिनों तक चला और 26 जुलाई के दिन उसका अंत हुआ और इसमें भारत विजय हुआ। कारगिल विजय दिवस युद्ध में शहीद हुए भारतीय जवानों के सम्मान हेतु यह दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स के द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में ट्रैफिक कंट्रोल व यातायात नियमों का पालन कराया गया। इस अवसर पर विश्वविधालय के शिक्षक गण के साथ - साथ कैप्ट. डा. राज श्री एसोसिएट एनसीसी अधिकारी व ले. डा. मनोज कुमार डडवाल एसोसिएट एनसीसी अधिकारी मौजूद थे |

कार्यक्रम की कुछ झलकिया-





मीडिया कवरेज:



कारगिल विजय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते एनसीसी कैडेट्स।

एनसीसी कैडेट्स ने शहीदों को किया नमन

अमृत विचार संवाददाता

लखनऊ। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय 67 यूपी बटालियन और 20 यू.पी गर्ल्स बटालियन, एनसीसी कैडेट्स की ओर से कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर कारगिल युद्ध में शहीद हुए वीर सपूतों को नमन करते हुए विवि के कुलपति आचार्य संजय सिंह ने कहा कि यह दिन हम सभी भारतवासियों के लिए गौरव का दिन है। आज ही के दिन भारत को कारगिल के युद्ध में विजय हासिल हुई थी। भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच वर्ष 1999 में कारगिल युद्ध हुआ था, जो लगभग 60 दिनों तक चला था। इस युद्ध में पाकिस्तान को हराकर भारत ने जीत का परचम लहराया था। इस युद्ध में शहीद हुए वीर सपूतों के सम्मान में यह कारगिल विजय दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स ने विश्वविद्यालय के गेट नम्बर एक के पास ट्रैफिक कंट्रोल किया तथा आम जन एवं विद्यार्थियों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया।

भाषा विश्वविद्यालय में मनाया गया विजय दिवस

ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में एनसीसी यूनिट द्वारा कारगिल दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एनसीसी कैडेट्स की ओर से सैनिकों के बलिदान को पोस्टर्स के माध्यम से दर्शाया गया, साथ ही देशभक्ति के गानों का सामूहिक गान किया गया।

लखनऊ विश्वविद्यालय ने शहीदों को किया याद

लखनऊ। कारगिल विजय दिवस के अवसर पर, 63 यूपी बीएन एनसीसी की ओर से लखनऊ विश्वविद्यालय में कर्नल सुमित पुरी के मार्गदर्शन में कारगिल विजय दिवस मनाया गया। इस मौके पर 63 यूपी बीएन), कर्नल पीपी किशोर कैप्टन किरण लता डंगवाल ने कारगिल युद्ध के नायकों के बलिदान को श्रद्धांजलि देने के लिए इस कार्यक्रम का समन्वयन किया।

अमर उजाला (माईसिटी) (27/07/22)

शिक्षण संस्थानों में शहीदों को किया नमन

लखनऊ। कारगिल विजय दिवस पर शिक्षण संस्थानों में शहीदों को नमन किया गया। इस क्रम में बीबीएयू में 67 यूपी बटालियन, 20 यूपी गर्ल्स बटालियन व एनसीसी ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर कुलपति प्रो. संजय सिंह, एनसीसी अधिकारी डॉ. राजश्री, डॉ. मनोज कुमार डडवाल आदि मौजूद रहे। ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि में एनसीसी कैडेट्स ने सैनिकों के बलिदान को पोस्टर के माध्यम से दर्शाया गया। लेफ्टिनेंट डॉ. बुशरा अलवेरा ने कैडेट्स से सेना में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। नारी शिक्षा निकेतन पीजी कॉलेज में प्राचार्य सपना वर्मा, मेजर डॉ. रजिया परवीन व डॉ. शोभा त्रिपाठी के निर्देशन में कार्यक्रम हुआ। नवयुग कन्या महाविद्यालय राजेंद्रनगर में 19 यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी विंग ने पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित की। नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला महाविद्यालय अलीगंज में प्रो. अनुराधा तिवारी के निर्देशन कार्यक्रम हुआ। लेफ्टिनेंट प्रतिमा शर्मा मौजूद रहीं। अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कॉलेज में विद्यार्थियों ने लोकगीत, राष्ट्रीय गीत पर सुंदर प्रस्तुतियां दी। अवध गर्ल्स डिग्री कॉलेज में एनसीसी व शारीरिक शिक्षा विभाग की ओर से व्याख्यान हुआ। (संवाद)

Maurya owns a garment store in his car when his father culprits.

NCC cadets celebrate Kargil Vijay Diwas at BBAU

PNS ■ LUCKNOW

On the occasion of Kargil Vijay Diwas, a special programme was organised under the joint aegis of 67 UP Battalion NCC and 20 UP Girls' Battalion NCC, at Babasaheb Bhimrao Ambedkar Central University here on Tuesday.

On this occasion, while saluting the brave sons who were martyred in the Kargil War, BBAU Vice-Chancellor Acharya Sanjay Singh said that this day was a day of pride for all Indians as on this day India got victory in the War of Kargil.

The Kargil War took place in 1999 between the armies of India and Pakistan and it lasted for about 60 days. The Kargil Vijay Diwas is celebrated every year in honour of the brave army men who sacrificed their lives in this war for the country. On this occasion, the NCC cadets controlled traffic near the BBAU Gate No. 1 and made the public and students aware of the traffic rules.

Pioneer

बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय
विद्या विहार, रायबरेली रोड, लखनऊ -२२६०२५
BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR UNIVERITY
(A Central University)
Vidya Vihar, Rae Bareli Road, Lucknow-226025, India

@50+महिला ट्रांस हिमालयन पर्वतारोहण अभियान रिपोर्ट

दिनांक 05/08//2022

माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली पहली महिला बछेन्द्री पाल पहुंची लखनऊ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शुरू हुए 5 माह के फिट@50+महिला ट्रांस हिमालयन पर्वतारोहण अभियान 2022, दुर्गम, रोचक व साहसिक पर्वतारोहण अभियान को पूर्ण करके, बछेन्द्री पाल के आगमन पर बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजय सिंह, 67 यू पी बटालियन, 20 यू पी गर्ल्स बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल विनोद जोशी के दिशा निर्देशन में एनसीसी कैडेट और आजादी के अमृत महोत्सव समिति के सदस्यों प्रो शिल्पी वर्मा, कैप्टन राजश्री और ले मनोज कुमार डडवाल ने बछेंद्री पाल और उनकी 13 सदस्यी महिला टीम का रेलवे स्टेशन पर स्वागत किया और तिरंगा देकर सम्मानित किया। बछेंद्री पाल ने अपने व्यक्त्व्य में आजादी के अमृत महोत्सव पर बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत नारी सशक्तिकरण का संदेश देते हुए बी बी ए यू परिवार और लखनऊ वासियों को हमेशा स्वस्थ और मजबूत रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने आजाद भारत के 75वें वर्षगांठ में किये जा रहे कार्यक्रमों की सराहना की..प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के दिशा निर्देश में चलाए जा रहे अभियान की सराहना की..हर घर तिरंगा अभियान में लोगों के शामिल होने की अपील की..इस दस सदस्यीय टीम में लखनऊ से प्रतिभागी भारतीय सेना से सेवानिवृत्त मेजर कृष्णा दुबे भी थी |

कार्यक्रम की कुछ झलकिया-









Media Coverage :



यंग इनोवेटर्स में लखन
के दो छात्र चयनित

बछेंद्री पाल को तिरंगा देकर किया सम्मानित

लखनऊ। बीबीएयू की 67 यूपी बटालियन, 20 यूपी गर्ल्स बटालियन के कमान अधिकारी कर्नल विनोद जोशी के निर्देशन में एनसीसी कैडेट्स और शिक्षकों ने माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली पहली महिला बछेंद्री पाल और उनकी 13 सदस्यीय महिला टीम का चारबाग स्टेशन पर स्वागत किया। इस दौरान इन्हें तिरंगा देकर किया सम्मानित किया। टीम की सभी महिलाएं 50 वर्ष से अधिक आयु की है। टीम अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शुक्र हुए पांच माह के मिट 50 प्लस महिला ट्रांस हिमालयन पर्वतारोहण अभियान 2022 को पूरा करके लौटी है। कुलपति प्रो. संजय सिंह ने भी पर्वतारोही महिलाओं को माउंट एवरेस्ट की चढ़ाई कर वापस लौटने पर बधाई दी। उन्हें सम्मानित करने वालों में आजादी का अमृत महोत्सव समिति की सदस्य प्रो. शिल्पी वर्मा, डॉ. राजश्री, डॉ. मनोज कुमार डंडवाल आदि शामिल रहे। (माई सिटी रिपोर्टर)



महिलाओं का जज्बा कभी भी कम नहीं होता: बछेन्द्री

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली देश की पहली महिला बछेन्द्री पाल का जज्बा आज भी वैसा ही है जैसा पहली बार एवरेस्ट पर चढ़ने के समय था। बछेन्द्री पाल 50 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं के साथ पांच माह का महिला ट्रांस हिमालयन पर्वतारोहण अभियान पूरा कर के लौटी हैं।

05 माह के पर्वतारोहण अभियान से लौटीं पाल

13 सदस्यीय टीम का हुआ चारबाग में स्वागत

शुक्रवार को चारबाग स्टेशन पर बछेन्द्री पाल और उनकी 13 सदस्यीय टीम का स्वागत आसुतोष भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट और आजादी का अमृत महोत्सव समिति के सदस्यों ने किया। सदस्यों में प्रो. शिल्पी वर्मा, डॉ राजश्री एवं डॉ मनोज कुमार डंडवाल शामिल रहे।

बछेन्द्री पाल ने कहा कि आम तौर पर कहा जाता है कि 50 की उम्र पार कर चुकी महिलाएं कुछ नहीं कर सकती लेकिन जज्बा हो तो महिला किसी भी उम्र में कुछ भी कर सकती है। ऐसा ही इन महिलाओं ने भी किया। बछेन्द्री पाल ने एनसीसी कैडेट से बात करते हुए कहा कि अपने दिल में देशभक्ति का जज्बा बनाए रखना चाहिए।

बछेन्द्री पाल ने नारी सशक्तीकरण का संदेश देते हुए आजादी के अमृत महोत्सव के तहत महिलाओं के उत्थान में किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

चारबाग स्टेशन पर शुक्रवार को बछेन्द्री पाल और उनकी 13 सदस्यीय टीम का स्वागत बीबीएयू के एनसीसी कैडेट और आजादी का अमृत महोत्सव समिति ने किया।

उन्होंने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के दिशा निर्देश में चलाए जा रहे अभियान की सराहना की तथा आजाद भारत के 75 वें वर्षगांठ पर किये जा रहे कार्यक्रमों की प्रशंसा की। उन्होंने सभी से सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'हर घर तिरंगा' अभियान में शामिल होने की अपील की।

बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय
विद्या विहार, रायबरेली रोड, लखनऊ -२२६०२५
BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR UNIVERITY
(A Central University)
Vidya Vihar, Rae Bareli Road, Lucknow-226025, India

"Haushlon ki Udaan" Programme, Report

दिनांक 07/08//2022

"Haushlon ki udaan" Programme, jointly organized BY UP directorate NCC and Babasaheb Bhimrao Ambedkar University, Lucknow (NCC Unit, Azadi Ka Amrit Mahotsav Samiti & Sports Section). Chief Guest was Padma Bhushan, Padma Shri & Arjun Awardee Dr. Bachhendri Pal. Chief Patron: Prof. Sanjay Singh, Vice Chancellor BBAU, NCC Officials: Col. Gaurav Karki CO 64 BN NCC & Lt. Col. Naveen Yadav, Patrons: Prof. B. S. Bhadauriya, DSW BBAU & Dr. Ashwini Kumar Singh, Registrar BBAU, Prof. Shilpi Verma, Chairperson Azadi Ka Amrit Mahotsav Samiti, Prof Naveen Kumar Arora, Nodal Officer UBA & EBSB BBAU, Prof. Sudarshan Verma, Prof. M. P. Singh, Dr. M. L. Meena, Dr. Narendra Kumar, Dr. Rachna, Dr. Ravi Shankar Verma, Dr. Anil Yadav, Dr. Priti Rai, Dr. Namita Jaisal, Dr. Somipam R. Shimrey, Dr. Amit Kumar Singh, NCC Cadets etc. were the part of the programme.

कार्यक्रम की कुछ झलकिया-













Media Coverage :

Dainik Jagaran, 07/08/2022

दृढ़ निश्चय से सब कुछ है संभव : बछेंद्री

जागरण संवाददाता, लखनऊ : एवरेस्ट फतह करने वाली भारत की पहली और विश्व की पांचवीं महिला एवं अर्जुन अवार्डी बछेंद्री पाल का कहना है कि किसी भी उम्र में महिला हों या पुरुष, यदि दृढ़ निश्चय कर लें तो उनके लिए सब कुछ संभव है। महिलाओं को खुद को कभी कमजोर नहीं समझना चाहिए। विद्यार्थी सपने जरूर देखें और उसे पूरा करने के लिए सामर्थ्य लगा देना चाहिए।

बछेंद्री पाल शनिवार को बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय (बीबीएयू) की 67वीं यूपी बटालियन, 20वीं यूपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी, आजादी का अमृत महोत्सव समिति और खेल अनुभाग की ओर से आयोजित प्रेरक कार्यक्रम को संबोधित कर रहीं थीं। अटल बिहारी बाजपेयी सभागार में बछेंद्री पाल के साथ उनकी 13 सदस्यीय महिला टीम भी रही। यह टीम पांच माह के फिट@ 50 प्लस महिला ट्रांस हिमालयन पर्वतारोहण अभियान का हिस्सा रही है।



भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में विद्यार्थियों को संबोधित करती माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई करने वाली बछेंद्री पाल • सौ. विश्वविद्यालय

बछेंद्री पाल ने बताया कि उनकी टीम ने 50 से अधिक उम्र की महिलाएं थीं। इनके माध्यम से समाज को यह संदेश देने की कोशिश की कि किसी उम्र में शिखर पर पहुंचा जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि कैसे गरीबी और सीमित साधनों में रहते हुए भी उन्होंने पढ़ाई की, लक्ष्य निर्धारित किए। उन्हें पूरा कर अपनी अलग पहचान बनाई। उन्होंने महिलाओं को अच्छी शिक्षा लेने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए भी प्रेरित किया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. अश्विनी सिंह, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. बीएस भदौरिया, प्रो. शिल्पी वर्मा, कैप्टन डा. राजश्री मौजूद रहे।

रोमांचक रहा सफर

बछेंद्री पाल की टीम की सदस्य चेतना साहू, कृष्णा दुबे, सविता चम्पाल, गंगोती सोनेजी, वसुमति श्रीनिवासन, एल अन्नपूर्णा, पायो मुर्मू, डा. सुषमा बिस्सा, शामला पद्मनाभन ने भी अपने अनुभव साझा किए। 52 से 68 साल आयु वर्ग के बीच की इन महिलाओं ने अपनी साहसिक यात्रा आठ मार्च 2022 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शुरू की। नई दिल्ली से होकर नेपाल, भूटान के 35 दुर्गम दर्रों को पार करते हुए कुल 4,841 किमी की दूरी इन महिलाओं ने 140 दिनों में तय की।

बछेंद्री पाल ने अपने संघर्षमय जीवन के सहारे युवाओं को दी प्रेरणा

अमेठी/लखनऊ। शनिवार को बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वाविद्यालय के अटल बिहारी बाजपेयी सभागार में 'हौसलों की उड़ान' विषय पर विचार गोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पर्वतारोही बछेंद्री पाल शामिल हुई।उन्होंने अपने संघर्षमयी जीवन के सहारे युवाओं को प्रेरित किया।

बछेंद्री पाल दुनिया की सबसे ऊंची चोटी 'माउंट एवरेस्ट' पर चढ़ने वाली पहली भारतीय महिला रहीं है।उन्होंने यह कारनामा 23 मई 1984 को कर दिखाया था। उन्हें पद्म श्री,पदम विभूषण,अर्जुन अवार्ड, नेशनल एडवेंचर अवार्ड, पर्वतारोहण में उत्कृष्टता के लिए स्वर्ण पदक समेत दर्जनों पुरस्कारों से नवाजा गया है। उन्होने 1994 में गंगा नदी में हरिद्वार से कलकत्ता तक 2,500 किमी लंबे नौका अभियान का नेतृत्व किया था। इन्होंने ही फिट@50+ महिला ट्रांस हिमालयन अभियान 2022 टीम का नेतृत्व ने किया था। पर्वतारोही बछेंद्री पाल ने कहा बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर ने भारत को संविधान दिया है,जिससे भारत आज चल रहा है।उनके नाम पर बने इस विश्वविद्यालय के सभागार में मुझे बोलने का मौका मिला, मैं सौभाग्यशाली हूँ। अपने संघर्षमय जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें जहाँ से मदद मिले उसे कभी भूलना नहीं चाहिए इस कार्यक्रम में लखनऊ के कई कॉलेजों व महाविद्यालयों के एनसीसी टीमों ने प्रतिभाग किया।उन्होंने अपने जीवन के कठिन परिश्रम को लोगों के समक्ष रखकर उपस्थित एनसीसी कैडेट्स को प्रेरित करने का कार्य किया। कार्यक्रम का संचालन कैप्टन राजश्री ने किया। विवि कुल सचिव अश्वनी कुमार सिंह, कर्नल गौरव कार्की, लेफ्टिनेंट नवीन यादव, शिल्पी वर्मा, वीरसिंह भदौरिया, रवि शंकर, डॉ. एमएल मीणा, गंगोत्री सोन, सविता, चेतना साहू, कृष्णा दूबे समेत छात्र वेद प्रकाश, अभिषेक राव, आकाश सिंह, रितिक, अभिषेक वर्मा, आलोक सिंह, प्रथम आदि मौजूद रहे।



VishvaVarta, 07/08/2022

बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय
विद्या विहार, रायबरेली रोड, लखनऊ -२२६०२५
BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR UNIVERITY
(A Central University)
Vidya Vihar, Rae Bareli Road, Lucknow-226025, India

रिपोर्ट

हर घर तिरंगा : प्रभात फेरी

दिनाक:11/08/2022

आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में आज बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय , लखनऊ व 67 यू पी बटालियन और 20 यू पी गर्ल्स बटालियन एन सी सी लखनऊ के द्वारा विश्वविधालय के कुलपति प्रो. संजय सिंह के निर्देशन में विश्वविद्यालय में आज भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई जो अभूतपूर्व रहा। इसी क्रम में सुबह 7:30 a.m. पर गौतम बुद्धा सेंट्रल लाइब्रेरी से अटल बिहारी बाजपेई ऑडियोरियम तक हर घर तिरंगा: प्रभात फेरी का भी आयोजन किया गया उसके साथ - साथ आदरणीय वाइस चांसलर जी के द्वारा एन. सी. सी. के कैड्ट्स व अन्य स्थानीय लोगो को तिरंगे का भी वितरण किया गया | भव्य तिरंगा यात्रा में विश्वविद्यालय के डीन एकेडमिक एफायर्स प्रो. आर पी सिंह, प्रो. विक्टर बाबू, प्रो. बी. एन. दूबे प्रो. शिल्पी वर्मा, एसोसिएट एनसीसी अधिकारी कैप्ट. (डा.) राज श्री, एसोसिएट एनसीसी आधिकारी मनोज डडवल, डा. नरेंद्र, डा. पवन कुमारा चौरसिया, डा. शरद सोनकर, डा. अनिल यादव, डा. रवि शंकर वर्मा व विश्वविद्यालय के अन्य छात्र/छात्राए भी सामिल हुई |

कार्यक्रम की कुछ झलकिया-













बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय
विद्या विहार, रायबरेली रोड, लखनऊ -२२६०२५
BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR UNIVERITY
(A Central University)
Vidya Vihar, Rae Bareli Road, Lucknow-226025, India

रिपोर्ट

विभाजन विभीषिका स्मरण दिवस

दिनांक 14/08/2022

आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में आज बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय , लखनऊ के आजादी के अमृत महोत्सव समिति, 67 यू पी बटालियन और 20 यू पी गर्ल्स बटालियन एन सी सी लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित विभाजन विभीषिका स्मरण दिवस पर आयोजित प्रदर्शनी का अनावरण विश्वविधालय के कुलपति प्रो. संजय सिंह और मुख्य अतिथि रिटायर्ड कर्नल समर विजय सिंह द्वारा फीता काट करके कार्यक्रम का उद्घाटन किया । जिसमे आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा 14 अगस्त 2021 को ट्वीट किया गया कि विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस 14 अगस्त को मनाया जाएगा जिसमे देश के बटवारा के दर्द को कभी भुलाया नही जा सकता है, नफरत और हिंसा को वजह से लाखो बहनों और भाइयों को विस्थाफित होना पड़ा और अपनी जान तक गवानी पड़ी। ऐसे संदेश के साथ विश्वविद्यालय में लगभग 50 से अधिक पोस्टर लगाए गए जिसका निरीक्षण भी किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर कर्नल समर विजय सिंह ने अपना उद्बोधन मे विश्वविद्यालय के सभी छात्र/ छात्रों निरंतर आगे बढ़ने के लिए भी प्रेरित किया किया| इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. अश्वनी कुमार सिंह, प्रो. शिल्पी वर्मा, प्रो. गजानन पांडे, प्रो. बी. बी. मालिक, एसोसिएट एन सी सी अधिकारी कैप्ट. डा. राज श्री, एसोसिएट एन सी सी अधिकारी डा. मनोज कुमार धड़वाल, डा. पवन कुमार चौरसिया, डा. रचना गंगवार, डा. तरुणा, डा. बलजीत,डा.अनिल यादव, डा. अमित|

|#harghatiranga#NationalCadetCorps#BetiBharatKi#MissionShakti#UttarPradesh #EkBharatShreshthaBharat#FitIndiaMovement#NewIndiaFitIndia#independenceday2022#HarGharTiranga#75yearsofindependence@dgnccindia@EduMinOfIndia @dpradhanbjp@SanjayDhotreMP@OfficeOfSDhotre@HQ_DG_NCC@NCCDteU

P@EduMinOfIndia@dpradhanbjp@OfficeOfSDhotre@SanjayDhotreMP@ugc_india@narendramodiPMOIndia@official.anuragthakur @amritmahotsav

कार्यक्रम की कुछ झलकिया:









बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय
विद्या विहार, रायबरेली रोड, लखनऊ -२२६०२५
BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR UNIVERITY
(A Central University)
Vidya Vihar, Rae Bareli Road, Lucknow-226025, India

रिपोर्ट

महात्मा गांधी जी एव लालबहादुर शास्त्री जी जयंती **दिनांक 02/10/2022**

आज दिनांक 02 अक्टूबर, 2022 को बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविधालय, लखनऊ में 67 यू पी बटालियन और 20 यू पी गर्ल्स बटालियन एन सी सी लखनऊ, एन एस एस व विश्वविधालय के अन्य छात्र/ छात्रओ के साथ मिल कर भारत की दो महान विभूतियों महात्मा गांधी जी एव लालबहादुर शास्त्री जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, माल्यार्पण एवम पुष्पांजलि का आयोजन किया गया जिसमे विश्वविधालय के कुलपति प्रो. संजय सिंह जी ने महान विभूतियों को माल्यार्पण एवम पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुवात किया और अपने उद्धबोधन में बताया की 02 अक्टूबर का दिन भारत के लिए काफी महत्वपूर्ण है | एक ने भारत की स्वतंत्रता और आजाद भारत को आकार देने में भूमिका निभाई वही दूजे की सादगी और विनम्रता के लोग कायल थे| इस अवसर पर विश्वविधालय के कुलसचिव डा. अश्वनी कुमार सिंह, प्रो. गजानंद पाण्डेय, प्रो. संजय कुमार, प्रो. संजय द्विवेदी, प्रो. बी. बी. मलिक, प्रो. के एल महावार, प्रो. शशि कुमार, प्रो. गोपाल सिंह, प्रो. सनातन नायक, डा. सुनिल गोरिया, एसोसिएट एनसीसी अधिकारी ले. डा. मनोज कुमार डडवाल, डा. पवन कुमार चौरसिया, डा. रविशंकर वर्मा, प्रणव आनंद मौजूद थे

कार्यक्रम की कुछ झलकिया:






NCC


स्वच्छता पखवाड़ा
GPS Map Camera
Lucknow, Uttar Pradesh, India
QW7H+HRX, BBAU Internal Rd, Babasaheb Bhim Rao Ambedkar University, Lucknow, Uttar Pradesh 226025, India
Lat 26.763915°
Long 80.92936°
02/10/22 08:45 AM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Lucknow, Uttar Pradesh, India
BBAU Campus, Raebareli Road, Vidhya Vihar, QW7H+VCV, Babasaheb Bhim Rao Ambedkar University, Lucknow, Uttar Pradesh 226025, India
Lat 26.764691°
Long 80.928435°
02/10/22 09:31 AM GMT +05:30
Google

बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय
विद्या विहार, रायबरेली रोड, लखनऊ -२२६०२५
BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR UNIVERITY
(A Central University)
Vidya Vihar, Rae Bareli Road, Lucknow-226025, India

रिपोर्ट

स्वच्छ भारत अभियान - 2.0 & फिट इंडिया फ्रीडम रन - 3.0 दिनांक 19/10/2022

आज दिनांक 19/10/2022 को बी.बी.ए.यू. परिसर में भारत सरकार युवा खेल मंत्रालय के दिशा निर्देश पर स्वच्छ भारत अभियान 2.0 कार्यक्रम और फिट इंडिया फ्रीडम रन 3.0 कार्यक्रम विश्वविद्यालय एन.सी.सी. वा एन. एस. एस. के कैडेट्स के द्वारा स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया । जिसमे एनएसएस के स्वयंसेवकों व एनसीसी के कैडेटों नें संयुक्त रूप से मिलकर विश्वविद्यालय परिसर के अन्दर जगह-जगह पड़ी पन्नी, प्लास्टिक बोतलों को एकत्रित कर सफाई अनुभाग के हवाले किया और स्वच्छता का सन्देश दिया । यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य संजय सिंह सर की अध्यक्षता में हुआ इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के छात्र /छात्राओं के साथ विश्वविद्यालय की एसोशिएट एन सी सी अधिकारी कैप्ट.(डॉ०) राजश्री , एनएसएस समन्वयक डॉ० पवन कुमार चौरसिया, डॉ० तरुणा , ले० (डॉ०) मनोज कुमार डडवाल ,डॉ० धीरेंद्र पाण्डेय, प्रो० संजय कुमार, डॉ० रवि शंकर वर्मा, डॉ० एम.एल. मीणा, डॉ० प्रणव कुमार आनन्द आदि लोग उपस्थित थे।

#NationalCadetCorps#BetiBharatKi#MissionShakti#UttarPradesh#EkBharatShresthaBharat#fitindiamovement#azadikaamritmahotsav2022#NewIndiaFitIndia@dgnccindia@EduMinOfIndia@dpradhanbjp@SanjayDhotreMP@OfficeOfSDhotre@HQ_DG_NCC@NCCDteUP@EduMinOfIndia@dpradhanbjp@OfficeOfSDhotre@SanjayDhotreMP@ugc_india @narendramodi @PMOIndia@official.anuragthakur @amritmahotsav

कार्यक्रम कीकुछ झलकिया :









बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय
विद्या विहार, रायबरेली रोड, लखनऊ -२२६०२५
BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR UNIVERITY
(A Central University)
Vidya Vihar, Rae Bareli Road, Lucknow-226025, India

रिपोर्ट

सरदार बल्लभभाई पटेल जयंती **दिनांक 31/10/2022**

आज दिनांक 31/10/2022 को बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत, विश्वविद्यालय के खेल अनुभाग, एन सी सी इकाई (20 यू पी बालिका वाहिनी एन सी सी, 67 यूपी बटालियन एन सी सी) एवं एन. एस. एस. के संयुक्त तत्वावधान में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मनाई गई जिसमे राष्ट्रीय एकता दिवस के अंतर्गत विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यक्रम के संरक्षक, प्रो. संजय सिंह सर ने लौह पुरुष सरदार बल्लभभाई पटेल जी और अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यांपण / पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरुवात किया, जिसमें विश्वविद्यालय के एन. सी. सी. कैडेट्स व अन्य छात्र / छात्राओं के साथ स्पोर्ट्स ग्राउंड से अटल बिहारी बाजपेई सभागार तक रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। तथा देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए सपथ भी लिया गया | विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा. अश्वनी कुमार सिंह, छात्र अधिष्ठाता प्रो. बी एस भदौरिया, प्रो. गजानंद पाण्डेय, प्रो. शिल्पी वर्मा, कैप्ट. (डा.) राजश्री,एसोसिएट एनसीसी अधिकारी, ले. (डा.) मनोज कुमार डडवाल, प्रो. एम. पी. सिंह, प्रो. वी. सी. यादव, प्रो. विक्टर बाबू, प्रो. के. एल. महावार, डा. सुनिल गोरिया, डा. रवि शंकर वर्मा, डा. रचना गंगवार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक गण, कर्मचारी गण व छात्र/ छात्राए मौजूद थे|

#NationalCadetCorps#BetiBharatKi#MissionShakti#UttarPradesh#EkBharatShresthaBharat#AzadiKaAmritMahotsav#FitIndiaMovement#NewIndiaFitIndia@dgnccindia@EduMinOfIndia@dpradhanbjp@SanjayDhotreMP@OfficeOfSDhotre@HQ_DG_NCC@NCCDteUP@EduMinOfIndia@dpradhanbjp@OfficeOfSDhotre@SanjayDhotreMP@ugc_india@narendramodi@PMOIndia@official.

कार्यक्रम की कुछ झलकिया:










विद्या विहार रायबरेली रोड, लखनऊ
RUN F

बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय
विद्या विहार, रायबरेली रोड, लखनऊ -२२६०२५
BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR UNIVERITY
(A Central University)
Vidya Vihar, Rae Bareli Road, Lucknow-226025, India

रिपोर्ट

पुनीत सागर अभियान के तहत राष्ट्रीय प्रदूषण दिवस **दिनांक 07/12/202**

बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविधालय, लखनऊ में कुलपति कर्नल प्रो. संजय सिंह एवं कर्नल विनोद जोशी समादेशाधिकारी की अध्यक्षता में 20 यूपी गर्ल्स बटालियन व 67 यूपी एन. सी. सी. बटालियन ने आजादी के अमृत महोत्सव के तहत पुनीत सागर अभियान के अन्तर्गत राष्ट्रीय प्रदूषण दिवस के उपलक्ष में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। जिसमे विश्वविधालय के एन. सी. सी. कैडेट्स ने केंद्रीय पुस्तकालय से अशोका छात्रावास तक रैली निकाल कर उपस्थित जन समूह को जागरूक किया और अशोक छात्रावास के सामने स्थित तालाब की साफ - सफाई की | छात्रों ने सफाई के दौरान तालाब से प्लास्टिक की बोतल व अन्य अपशिष्ट पदार्थों को भी निकाला , और जल संरक्षण के लिए शपथ भी लिया | प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पनार्थ को ध्यान में रखते हुए, राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) ने प्लास्टिक और अन्य प्रकार के कचरे की नदियों और झीलों सहित समुद्र तटों/ समुद्र के किनारे और अन्य जल स्रोतों को साफ करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी प्रमुख अभियान 'पुनीत सागर अभियान' शुरू किया है। 'पुनीत सागर अभियान 2022' का प्रारंभिक चरण राष्ट्रीय समुद्री दिवस के अवसर पर 01-05 अप्रैल, 2022 के बीच भव्य तरीके से आयोजित किया गया जिसमें एनसीसी के सभी 17 राज्य निदेशालयों के 1.5 लाख से अधिक कैडेट विभिन्न कार्यों में भाग ले रहे हैं, जिसका लगभग 50 लाख नागरिकों की आबादी पर सकारात्मक प्रभाव पडा| इस मौके पर मुख्यअतिथि के रूप में प्रो. शिल्पी वर्मा, कैप्टन डा. राज श्री एसोशिएट एनसीसी अधिकारी, लेफ्टिनेंट (डा.) मनोज कुमार डडवाल, तपेश्वरी देवी शिक्षण समिति के सचिव राधे श्याम सिंह व एन जी ओ के सदस्य अपूर्व सिंह, नायक रॉय, नायक चंद्रशेखर राव, आशीष कुमार पांडेय आदि लोग उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की कुछ झलकिया:















बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय
विद्या विहार, रायबरेली रोड, लखनऊ -२२६०२५
BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR UNIVERITY
(A Central University)
Vidya Vihar, Rae Bareli Road, Lucknow-226025, India

रिपोर्ट

वीर बाल दिवस **दिनाक:26/12/2022**

बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविधालय, लखनऊ में कुलपति कर्नल प्रो. संजय सिंह एवं कर्नल विनोद जोशी समादेशाधिकारी की अध्यक्षता में 20 यूपी गर्ल्स बटालियन व 67 यूपी एन. सी. सी. बटालियन ने आजादी के अमृत महोत्सव के तहत दिनांक 26 दिसंबर 2022 को "वीर बाल दिवस" मनाया गया जिसमे गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी के साहस को श्रद्धांजलि देने के लिए वीर बाल दिवस पूरे देश-विदेश में मनाया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में वीर बाल दिवस के अवसर पर ऐतिहासिक कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। सिखों के दसवें गुरु गोबिंद सिंह जी के परिवार की शहादत को आज भी इतिहास की सबसे बड़ी शहादत माना जाता है। छोटे साहिबजादों का स्मरण आते ही लोगों का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है और सिर श्रद्धा से झुक जाता है। देश में पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऐलान के बाद आज 26 दिसंबर को गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों बाबा जोरावर सिंह जी और बाबा फतेह सिंह जी के साहस को श्रद्धांजलि देने के लिए वीर बाल दिवस के रुप में मनाया जा रहा है। गुरुद्वारा श्री फतेहगढ़ साहिब उस स्थान पर खड़ा है, जहां साहिबजादों ने आखिरी सांस ली। कार्यक्रम की शुरुआत कैप्ट. (डॉ0) राजश्री ने की। कार्यक्रम में डी0 एस0 डब्ल्यू0 प्रो0 बी0 एस0 भदौरिया, उन्नत भारत अभियान के अध्यक्ष प्रो. नवीन कुमार अरोरा, आजादी का अमृत महोत्सव समिति की अध्यक्षा प्रो0 शिल्पी वर्मा, (ले.) डॉ0 मनोज कु0 डडवाल,मुफत लाल मीना वॉ एनसीसी के कैडेटस मौजूद थे।

कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन (ले0) डॉ0 मनोज कुमार डडवाल द्वारा दिया गया।

कार्यक्रम की कुछ झलकिया









BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR UNIVERSITY
LUCKNOW
प्रज्ञा शील करुणा
ESTABLISHED 1996

बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय
विद्या विहार, रायबरेली रोड, लखनऊ -२२६०२५
BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR UNIVERITY
(A Central University)
Vidya Vihar, Rae Bareli Road, Lucknow-226025, India

NCC
एकता और अनुशासन

Report

National Seminar on In elusiveness of Differently Abled Women

Date: 30/12/2022

National Seminar on "Inclusiveness of Differently Abled Women: Opportunities and Challenges in India" supported by National commissions for Women, New Delhi was inaugurated on 30th Dec 22. Chief Guest of the function was Madam Anupriya Patel ji, hon'ble Union Minister of State for Commerce and Industry, Govt. of India. The guest of Honour was Ms. Palak Kohli, World 3rd rank Para Olympian. Chief Patron was Prof. Sanjay Singh ji, Hon'ble Vice-Chancellor, Babasaheb Bhimrao Ambedkar University, Lucknow. Dronacharya & UP Yash Bharati Awardee Gaurav Khanna was also the part of function. Smt. Shabnam Saifi and Smt Satvinder Kaur of the University were felicitated by the Hon'ble minister.

Some Glimpses of National Seminar

















Media Coverage:



अपना शहर

समाज की सबसे बड़ी विकलांगता है संकुचित दृष्टिकोण : अनुप्रिया पटेल

बीबीएयू में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आगाज, शारीरिक विकार से ज्यादा घातक है मानसिक विकार

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ।

राजधानी अंतर्गत विद्या विहार, रायबरेली रोड स्थित बीबीएयू यानी बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का उद्घाटन शुक्रवार को विवि के अटल बिहारी बाजपेई सभागार में हुआ। नेशनल कमीशन फॉर वीमेन, नई दिल्ली द्वारा समर्थित यह सेमिनार दिव्यांग महिलाओं की समावेशिता- भारत में चुनौतियां और अवसर विषय पर आयोजित किया जा रहा है। सेमिनार के उद्घाटन सत्र की मुख्य अतिथि अनुप्रिया पटेल, वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री एवं विशिष्ट अतिथि एवं विश्व की तीसरी सर्वोच्च पैरा ओलम्पिक बैडमिंटन खिलाड़ी पलक कोहली रहीं। विवि के कुलपति आचार्य संजय सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

कुलपति आचार्य संजय सिंह ने अभ्यर्थीय उद्बोधन देते हुए कहा कि प्राचीन समय से ही भारत में नारी शक्ति सदैव पूजनीय रही है। बदलते समय और विदेशी हमलों ने भारत की संस्कृति पर काफी नकारात्मक प्रभाव डाला, जिसके चलते आज हमारा समाज मानसिक विकृति का शिकार हो चुका है। मानसिक विकार, शारीरिक विकार से ज्यादा घातक है। मानसिकता में सुधार के लिए विचारों को निर्पक्षित करना जरूरी है। योग एवं ध्यान के माध्यम से हमें अपने मन के विकारों को दूर करने में मदद मिल सकती है। हमें मानसिक दृढ़ता पर ध्यान देने की जरूरत है।

अनुप्रिया पटेल ने कहा कि समाज की सबसे बड़ी विकलांगता संकुचित दृष्टिकोण है। दिव्यांगजनों की खूबियों को देखने की क्षमता समाज में नहीं है। जरूरत है तो दिव्यांगजनों की अनोखी प्रतिभाओं को समझने और उसे प्रोत्साहित करने की है। भारत में दिव्यांग महिलाओं को परिवार और समाज दोनों जगहों पर चुनौती का सामना करना पड़ता है। इस स्थिति में सुधार की आवश्यकता है। अंत में उन्होंने कहा कि समाज में हमें ऐसी दिव्यांग महिलाओं के प्रति सहानुभूति नहीं बल्कि स्वीकार्यता की आवश्यकता है। वहीं इस अवसर पर पलक ने कहा कि सिर्फ आलोचना करने से बदलाव नहीं आएगा, हमें किसी भी बदलाव की सूत खुद बनना चाहिए। उन्होंने समाज से दिव्यांगजनों के प्रति सहानुभूति रखने की जगह उन्हें एक आम व्यक्ति की तरह देखने का आग्रह किया।

उद्घाटन सत्र के बाद तीन तकनीकी सत्रों का भी आयोजन किया गया। पहले तकनीकी सत्र में डॉ. शालिनी अग्रवाल ने दृष्टिबाधित किशोरियों को माहवारी के दौरान स्वच्छता का ध्यान किस तरह रखना है, इस बारे में बताया। दूसरे सत्र में वक्ताओं ने 'विकलांगता और दलित महिलाएं' विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। शिक्षकों ने दिव्यांगजनों के लिए सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं के बारे में जानकारी दी। तीसरे सत्र में प्रो. सुरदान पुरी ने दिव्यांग महिलाओं के अधिकारों के बारे में जानकारी दी। इन तीनों सत्रों में आमंत्रित व्याख्यान के साथ पेपर प्रेजेंटेशन भी हुए जिसमें देश भर से आए शोधार्थियों ने अपना पेपर प्रेजेंटेशन दिया।

कार्यक्रम में सभी का स्वागत करते हुए बताया कि यह कार्यक्रम विवि के कमेटी ऑफ बेसिक फैसिलिटीज फॉर वीमेन, जेंडर चैंपियन समिति, आलुमनी का अमृत महोत्सव समिति तथा एमसीसी इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हो रहा है। कार्यक्रम में पलक कोहली के गुरु, द्रोणाचार्य पुरस्कार एवं यश भारती सम्मान से सम्मानित गौरव खन्ना तथा विवि की दो दिव्यांग गैर शैक्षणिक कर्मचारी शबनम सैफी और सतिवंदर कौर को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। एसोसिएट एमसीसी अफिसर डॉ. राजश्री ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजन मंडल के सदस्य डॉ. मनोज डडवाल, डॉ. एम. एल. मीणा, डॉ. आर. एस. वर्मा, डॉ. तरुणा, डॉ. अर्पित शैलेश, डॉ. सुभाष, डॉ. अनिल यादव, डॉ. शिखा, डॉ. नितेश समेत अन्य शिक्षक, विद्यार्थी एवं कर्मचारीगण कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रो. सुदर्शन वर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

'दिव्यांगजनों की प्रतिभा को आगे बढ़ाने की जरूरत'

बीबीएयू में दिव्यांग महिलाओं की समावेशिता विषय पर दो दिवसीय सेमिनार शुरू

■ एनबीटी सं, लखनऊ :



बीबीएयू में सेमिनार के दौरान अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट किया गया।

भारत में दिव्यांग महिलाओं को परिवार और समाज दोनों ही जगहों पर चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। समाज की सबसे बड़ी दिव्यांगता उसका संकुचित दृष्टिकोण है। जरूरत है कि दिव्यांगजनों की प्रतिभा को समझा जाए और आगे बढ़ाया जाए। दिव्यांग युवतियों और महिलाओं के प्रति सहानुभूति दिखाने की जगह उनके सम्मान के साथ स्वीकार्यता की आवश्यकता है। यह बातें मिनिस्टर ऑफ स्टेट कॉमर्स एंड इंडस्ट्री अनुप्रिया पटेल ने कहीं। वह शुक्रवार को बीबीएयू में 'दिव्यांग महिलाओं की समावेशिता: भारत में चुनौतियां और अवसर' विषय पर आयोजित दो दिवसीय सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि बोल रही थीं।

नेशनल कमीशन फॉर वीमेन, नई दिल्ली के सहयोग से हुए सेमिनार में विश्व की तीसरी सर्वोच्च पैरा ओलंपिक बैडमिंटन खिलाड़ी पलक कोहली ने कहा कि सिर्फ आलोचना करने से बदलाव नहीं आएगा। हमें किसी भी बदलाव के लिए खुद भी आगे आना होगा। उन्होंने समाज से आग्रह किया कि दिव्यांगजनों के प्रति सहानुभूति रखने की जगह उन्हें आगे कैसे बढ़ाया जाए, इस पर फोकस करना चाहिए।

वहीं बीबीएयू के वीसी आचार्य संजय सिंह ने कहा कि मानसिक विकार शारीरिक विकार से ज्यादा घातक है। योग एवं ध्यान के माध्यम से हमें मन के विकारों को दूर करने में मदद मिल सकती है। सेमिनार में असोसिएट एमसीसी अफिसर डॉ. राजश्री, डॉ. मनोज डडवाल, डॉ. एमएल मीणा, डॉ. आरएस वर्मा, डॉ. तरुणा, डॉ. अर्पित शैलेश, डॉ. सुभाष, डॉ. अनिल यादव, डॉ. शिखा, डॉ. नितेश, प्रो. सुदर्शन वर्मा समेत शिक्षक, विद्यार्थी एवं कर्मचारी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

इन्हें मिला सम्मान

